# नेत्र विशेषज्ञों ने कॉर्निया की बीमारियों के निदान व उपचार की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग तथा राजस्थान नेत्र ऑफ्थलमोलोजिकल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान के सभी मेडिकल कॉलेज में अध्ययरत पीजी छात्रों के लिए कॉर्निया विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी, राजस्थान ऑफ्थलमोलिजकल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र अग्रवाल, सचिव हर्षुल टाक तथा अंकुर सिन्हा के कर कमलों द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने इस अवसर पर कहा कि सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय का नेत्र विभाग उन्नति की ओर अग्रसर है। यहां प्रतिदिन 70 से 80 ऑपरेशन होते हैं, जो कि राजस्थान के समस्त मेडिकल कॉलेज में सर्वप्रथम है। हाल ही राजस्थान सरकार द्वारा इस विभाग में पर्दे की सर्जरी की सुविधा के लिए राजस्थान सरकार द्वारा बजट स्वीकृत किया गया है। जो इस पूरे बीकानेर संभाग के लिये अत्यंत उपयोगी रहेगा।

इस कार्यशाला के दौरान कुल 6 सत्र आयोजित किये गये, जिसके अन्तर्गत नेत्र विशेषज्ञों ने कॉर्निया से संबंधित बीमारियों के निदान व उपचार के बारे में विस्तार से बताया। एम्स से ख्यातनाम नेत्र चिकित्सक डॉ प्रफुल्ल महाराणा ने इस कार्यशाला में कॉर्निया की बीमारियों का पता लगाने तथा नेत्र प्रत्यारोपण से संबंधित कई गहन जानकारी दी। डॉ. महाराणा ने चोट से कॉर्निया की होने वाली क्षति के बारे में बताया तथा यह भी कहा कि सही समय पर उपचार से मरीज को दृष्टिहीनता से बचाया जा सकता है।



एस.पी. मेडिकल कॉलेज में कॉर्निया प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रधानाचार्य डॉ. गुंजन सोनी, राजस्थान ऑफ्थलमोलिजकल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र अग्रवाल, सचिव हर्षुल टाक ने शुभारंभ किया।

अहमदाबाद से आये डॉ. आशीष नागपाल ने कॉर्निया के अन्दर होने वाले विभिन्न प्रकार के घावों को पता लगाने तथा उसको जल्दी से उपचार करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. आशीष नागपाल ने कॉर्निया नेत्र प्रत्यारोपण किस-किस मरीजों के लिये फायदेमंद हो सकता है। इस बारे में जानकारी दी। एम्स से आये डॉ. परिणिति सहाय ने कॉर्निया की विभिन्न परतों के उम्रदराज लोगों में होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. परिणिती सहाय ने कॉर्निया की शल्य चिकित्सा विधि के बारे में विस्तार से बताया।

जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज के कॉर्निया विशेषज्ञ डॉ. धर्मवीर चौधरी ने बच्चों के अन्दर होने वाली कॉर्निया की विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यदि बच्चों में कॉर्निया की बीमारी का सही समय पर इलाज किया जाये तो बच्चों को दृष्टिहीनता से बचाया जा सकता है।

जयपुर के अग्रवाल आई हॉस्पीटल की कॉर्निया विशेषज्ञ डॉ नेहा पाठक ने कॉर्निया में होने वाली केरेटोकोनस बीमारी के बारे में बताया कि राजस्थान के अन्दर आंखों में धूल, धूप और धुएं से एलर्जी के कारण यह बीमारी ज्यादा होती है। क्योंकि केरेटोकोनस उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता जाता है। अतः इसे नई तकनीक 'कॉलेजन क्रॉस लिकिंग' के द्वारा इसको स्थायी रूप से आगे बढ़ने से रोका जाता है। जयपुर से आये डॉ. अंकुर मिड्ढा ने कॉर्निया की बीमारी के निदान में काम

■ **कॉर्निया विशेषज्ञ डॉ. धर्मवीर चौधरी ने बच्चों के अन्दर होने वाली कॉर्निया की विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में जानकारी दी**

आने वाले उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कॉर्निया की परतों के बीच में होने वाले बदलावों को रोकने के बारे में बताया।

राजस्थान ऑफ्थलमिक सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन बार-बार होने चाहिये ताकि अध्ययनरत पीजी छात्र-छात्राओं को इसका पूरा लाभ मिल सके। राजस्थान आफ्थलमिक सोसायटी के सचिव डॉ हर्षुल टाक ने इस अवसर पर सोसायटी के द्वारा समय-समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया तथा उपस्थिति सभी प्रतिभागियों को ऐसी कार्यशालाओं में हर समय शामिल होने का आग्रह किया।

राजस्थान ऑफ्थलमिक सोसायटी के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. अंकुर सिन्हा ने इस कार्यशाला में भाग लेने वाले राष्ट्रीय स्तर के सभी ख्यातनाम नेत्र चिकित्सकों का आभार जताया तथा कहा कि कॉर्निया की बीमारियों के संबंध में राष्ट्रीय स्तर की यह कार्यशाला दिल्ली एम्स से भी करवाने का आग्रह किया।

## प्रवज्या महोत्सव 4 व 5 को

बीकानेर,(कासं)।खरतरगच्छाधिपति सूरिश्वर, जैनाचार्य जिन मनोज सूरिश्वर, साध्वी हेम प्रभा की शिष्या अनुभव श्रीजी व कल्पलता श्रीजी म.सा. के सानिध्य में बीकानेर की सुश्री चित्रा पारख 9 मार्च को बाड़मेर के भागवती दीक्षा ग्रहण करेंगी।

बाड़मेर में होने वाले प्रवज्या महोत्सव में बीकानेर के अनेक श्रावक-श्राविकाएं शामिल होंगे। मुमुक्षु सुश्री चित्रा पारख का विभिन्न जैन समाज की संस्थाओं की ओर से अभिनंदन का दौर बीकानेर में चल रहा है। मुमुक्षु सुश्री चित्रा पारख के पिता सुप्रसिद्ध भजन गायक व भक्तिगीत लेखक सुनील पारख ने बताया कि बाड़मेर में उनकी पुत्री के साथ सांचोर बाड़मेर की मुमुक्षु सेंजल बोथरा दीक्षा ग्रहण करेंगी। सुश्री चित्रा के दीक्षा के प्रसंग पर बीकानेर में 4 व 5 मार्च को कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम में श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट, श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास, श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ ट्रस्ट, श्री अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद, श्री जिनेश्वर युवक परिषद, श्री विचक्षण महिला मंडल व श्री कोचर मंडल व महावीर मंडल सहित विभिन्न जैन संगठनों की भागीदारी रहेगी।

श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा व श्री अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद शाखा अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि बीकानेर में साध्वीश्री विचक्षणश्री की शिष्या साध्वी विजय प्रभा, साध्वीश्री चन्द्रप्रभा की शिष्या साध्वी प्रभंजना श्रीजी आदिठाणा के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत 4 मार्च को सुबह नौ बजे नाहाटा चौक के भगवान आदिनाथ मंदिर में शक स्तवन महाभिषेक से होगी।

## सार-समाचार

### क्रिकेट प्रशिक्षक नायर को विदाई दी



जिला क्रिकेट संघ ने पूर्व रणजी खिलाड़ी अनिल नायर का सम्मान कर उन्हें विदाई दी।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर व राजस्थान क्रिकेट में लगभग 40 वर्षों से जुडे रहे पूर्व रणजी खिलाड़ी अनिल कुमार नायर को रविवार को सादुल क्लब मैदान में जिला क्रिकेट संघ बीकानेर व बीकानेर से जुडे क्रिकेटरों ने उनको भाव-विभोर विदाई दी। जिला क्रिकेट संघ के प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया कि नायर ने कूच बिहार ट्रॉफी, सी. के. नायडू सेन्टर जोन, राजस्थान यूनिवर्सिटी, इंटर रेलवे, 1986 में राजस्थान रणजी खिलाड़ी के साथ नायर एनसीए लेवल प्रथम श्रेणी अम्पायर रह चुके हैं। वे 2004 से लगातार बीकानेर में क्रिकेट प्रशिक्षण भी दे रहे थे। सम्मान समारोह में जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र झाम्ब, सचिव रतन सिंह, उपाध्यक्ष कैलाश चौधरी, अफरोज खान, संयुक्त सचिव प्रवेश भारद्वाज, शंकर सेवग, राजेन्द्र भटनागर ने पुष्प हार, श्रीफल, शॉल, साफा, स्मृति चिन्ह, देकर सम्मानित किया। राजेन्द्र झाम्ब ने कहा कि एक अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी के साथ- साथ एक अच्छे इंसान भी है जो सबको साथ लेकर चलते हैं। नायर की क्रिकेट सेवाओं को बीकानेर हमेशा याद रखेगा। जिला क्रिकेट संघ बीकानेर के सचिव रतन सिंह ने कहा कि नायर बीकानेर में एक जाने माने प्रशिक्षक थे। वह कई घंटों तक खिलाड़ियों को कड़ी महेनत करवाते थे और अच्छे खिलाड़ी त्यार करते थे। सम्मान समारोह में बीकानेर से जुडे क्रिकेट सदस्यों में राजकुमार जोशी, दिनेश बिश्नोई, जुल्फिकार अली, महेन्द्र पुरोहित, प्रकाश चूरा, गिरिराज पुरोहित, आरिफ लोदी, सरताज खान, राजेश सुथार, आदि माजूद थे।

### 'युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें'



विधायक जेठानंद व्यास ने 'कैसे बने कैरिअर काउंसलर' के पोस्टर का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि कैरिअर काउंसलिंग के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को इसके लिए प्रशिक्षण देना बेहतर शुरूआत है। इसके अच्छे परिणाम आयेंगे। विधायक व्यास ने रविवार को कांसलर कौंसिल ऑफ इंडिया (सीसीआई) के राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित होने वाली निःशुल्क कार्यशाला 'कैसे बने कैरिअर काउंसलर' के पोस्टर के विमोचन के दौरान यह बात कही। विधायक व्यास ने कहा कि इस प्रशिक्षण से युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो पायेंगे। व्यास ने कहा कि बेहतर कैरिअर मार्गदर्शन देने की कला सीख युवा दूसरों के कैरिअर निर्माण में बड़ा सहयोग दे सकेंगे। विधायक ने कहा कि उनके द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले एक साल में आयोजित दो रोजगार एवं कैरियर मेलों के दौरान पंद्रह सौ से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। कार्यशाला संयोजक एवं नेशनल कॅरिअर काउंसलर डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन 4 और 5 मार्च को पुरानी गिन्ननणी स्थित वेबसोल इंस्टीट्यूट में किया जायेगा। पूर्व पंजीयन के माध्यम से स्नातक पास युवाओं को काउन्सलिंग की नवीनतम तकनीक सीखने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला हाईब्रिड मॉड पर आयोजित की जायेगी। इसमें देशभर के कैरिअर काउंसलर्स युवाओं को मार्गदर्शन देंगे। कार्यशाला में सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। इस अवसर पर वेबसोल के निदेशक डॉ. अमित व्यास और युवा शिक्षाविद अमित व्यास मौजूद थे।

### शराब के नशे में पड़ौसियों से मारपीट

श्रीगंगानगर, (कासं)। कालूवाला गांव में शराब के नशे में उत्पात मचा रहे चार व्यक्तियों ने पड़ौसी के घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की। इस संबंध में सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में सदर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी तरीके से इकट्ठे होकर घर में घुसकर मारपीट करने, धमकाने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। पीड़ित रूपसिंह निवासी कालूवाला ने बताया कि गुरूवार देर रात को पड़ौस में रह रहे सुखचैन पुत्र नक्षत्र सिंह, सौरभ पुत्र कालूराम, साहिल पुत्र सुरजीत और गौरीशंकर पुत्र खोथराम शराब पीकर शोरगुल कर रहे थे। देर रात तक आरोपियों का हंगामा जारी रहा। इस पर परिवार की महिला ने आरोपियों को शोर न मचाने के लिए कहा। रूप सिंह ने बताया कि महिला के कहने पर कुछ देर के लिए शोर शराबा बंद हुआ लेकिन भड़के हुए आरोपी देर रात उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने लोहे की रॉड, तलवार और डंडों से परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। घटना में परिवार का एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी मारपीट पर ही नहीं रूके बल्कि उन्होंने घर के बाहर खड़े थ्री व्हीलर को भी तोड़फोड़ दिया।

## गुल्लक चोरी के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

हनुमानगढ़,(कासं)। यहां गुल्लक चोरी के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर लोगों ने हमला कर दिया। महिलाओं ने लाठियां बरसाई, युवक पत्थर लेकर दौड़े। भीड़ ने पुलिस जीप में तोड़फोड़ भी कर दी। हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामला जंक्शन इलाके का का है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया।

डीएसपी सिटी मीनाक्षी ने बताया कि सुरेशिया पुलिस चौकी में 28 फरवरी को वार्ड नंबर 42 की निवासी कालो पत्नी प्रवीण सोनी ने घर में रखे गुल्लक से एक लाख पचास हजार रूपए चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के लिए 1 मार्च को हैड कांस्टेबल विजय सिंह, कांस्टेबल बलेंद्र कुमार और चेतनराम वार्ड नंबर 56 पहुंचे थे। जांच के दौरान चोरी की वारदात में विशाल बावरी के शामिल होने की बात सामने आई।

■ **महिलाओं ने लाठियां बरसाई, तीन पुलिसकर्मी घायल, पुलिस जीप में तोड़फोड़**

पुलिस टीम जब विशाल के घर पहुंची और उससे पूछताछ करने लगी, तभी वहां मौजूद लोगों ने विरोध किया। थोड़ी देर में भीड़ पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की करने लगी। स्थिति बिगड़ने पर हैड कांस्टेबल विजय सिंह ने चौकी प्रभारी और जंक्शन थानाधिकारी को सूचना देकर अतिरिक्त जाब्ता भेजने की मांग की। अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचते ही आरोपियों ने लाठी-डंडों, पत्थरों और ईंटों से हमला कर दिया। इस हमले में हैड कांस्टेबल विजय सिंह का दाहिना हाथ टूट गया और सिर पर चोटें आई। जबकि हैड कांस्टेबल लायक सिंह की वर्दी फट गई। अन्य पुलिसकर्मी भी चोटिल हुए। हमलावरों ने चेतक जीप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

पुलिस ने विशाल बावरी, सूरज बावरी, आशा देवी, लल्ला बिहारी, जमना, साजन, राजकुमार, सपना, दलीप, पूनम समेत 21 नामजद और 15 से 20 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। सोशल मीडिया पर शेयर हुई वीडियो में दिख रहा है कि भीड़ ने पुलिस टीम को घेर लिया। लोगों ने पुलिसकर्मियों पर लाठियों और ईंटों से हमला किया। पुलिस की जीप को भी निशाना बनाया गया। वीडियो में एक युवती भी शामिल थी, जो खुद अपने कपड़े फाड़ती हुई नजर आई। उसने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया।

## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी रिमांड पर

श्रीगंगानगर, (कासं)। इंस्टाग्राम पर बातचीत के बहाने नाबालिग लड़की को बहलाकर ले जाने के आरोपी को लालगढ़ थाना पुलिस ने रिमांड पर लिया। इससे पहले आरोपी राहुल उर्फ भीरी उर्फ डूंगरनाथ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

मामले की जांच के दौरान अन्य आरोप साबित होने पर आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सब इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि आरोपी राहुल को पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया है ताकि आगे की जांच की जा सके। इसके तहत पुलिस आरोपी से घटनास्थल की तस्दीक करवाकर अन्य सबूत जुटायेगी। आरोपी राहुल नाबालिग लड़की को 6 फरवरी को बहलाकर ले गया था। इसे लेकर सात फरवरी को मामला दर्ज किया गया था। आरोपी नाबालिग को अलग-अलग जगहों पर घुमाता रहा और नोखा में जाकर शादी की थी।

## पुलिस को देख चरस का पैकेट फेंक भागा

बीकानेर, (कासं)। नशे की सामग्री बेचने व खरीदने का धंधा जोरों पर चल रहा है। अब जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस ने एक लाखों रूपए की चरस बरामद की है। एक पैकेट में मिली इस चरस को एक युवक फेंककर भाग गया था। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने उसके खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया है।

एसपी कावेन्द्र सागर ने बताया कि जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस और डीएसटी टीम ने मिलकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। व्यास कॉलोनी में शिव बाड़ी मंदिर के पास संदिग्ध युवक संजय माली निवासी राजपूतों का मोहल्ला, शिवबाड़ी के पास चरस होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने उसे रास्ते में रोककर पकड़ना चाहा तो वो चरस से भरा एक पैकेट फेंककर भाग गया। अंधेरे में वो पुलिस के हाथ नहीं आया। पुलिस ने पैकेट को खोलकर देखा तो उसमें चरस थी।

■ **पैकेट में रखी चरस का वजन 467 ग्राम है। इसकी कीमत बाजार में लाखों रूपए आंकी गई है**

पैकेट में रखी चरस का वजन 467 ग्राम है। इसकी कीमत बाजार में लाखों रूपए आंकी गई है। पुलिस ने संजय माली के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सदर थानाधिकारी को सौंपी गई है। इस कार्रवाई में जेएनवीसी थानाधिकारी सुरेन्द्र पचार, एसआई शारदा, एएसआई रामकरण, हैड कांस्टेबल कानदान, कानि. महावीर, लखविंद्र सत्यपाल, रामनिवास, प्रताप और कौशल्या की मुख्य भूमिका रही।

## सूरत से आये बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत

बीकानेर, (कासं)। कोटगेट थाना इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में केईएम रोड स्थित एक दुकान पर बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वहीं एक युवक ने ट्रेन से काटकर आत्महत्या कर ली।

केएईएम रोड की दुकान पर मृतक अशोक कुमार सूरत प्रवासी था,जो अभी हाल ही अपने परिजनों से मिलने बीकानेर आया था। पुलिस ने आशंका जताई है कि 62 वर्षीय अशोक कुमार की मौत जहर के सेवन से हुई है। बताया जाता है कि अशोक कुमार केईएम रोड पर अपने भाई की दुकान पर आया हुआ था। मृतक का अपने भाईयों के साथ संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था।

पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। दूसरी ओर चौखूंटी रेलवे ट्रैक

■ **पुलिस ने आशंका जताई है कि मौत जहर के सेवन से हुई है**

■ **भाईयों में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था**

पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक जने की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त सुभाषपुरा निवासी किशनलाल पुत्र रामपाल बंजारा के रूप में हुई। बीकानेर से लालगढ़ की ओर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक का सिर धड़ से अलग हो गया।

## मनचले को गिरफ्तार किया

नोखा, (कासं)। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन गरिमा शुरू किया है। यह अभियान 1 से 15 मार्च तक चलेगा।

इस अभियान के तहत पांचू थाना पुलिस ने पहली कार्रवाई में एक मनचले किशनासर निवासी कालूराम (20) को गिरफ्तार किया है। डीएसपी नोखा हिमांशु शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी रामकेश मीणा की टीम कार्रवाई कर रही है। पुलिस टीम सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी रख रही है।

टीम बस स्टैंड, स्कूल, कॉलेज और लाइब्रेरी में विशेष नजर रख रही है। महिलाओं के साथ छेड़खानी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। एचसी रामनिवास, कांस्टेबल लीलाराम और कांस्टेबल रामनिवास भी इस टीम का हिस्सा हैं।

## दंपती से 128 ग्राम हेरोइन, 10 लाख की नकदी बरामद

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले की रायसिंहनगर पुलिस ने नशे के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए नशा तस्कर एक दंपती को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से 128 ग्राम चिट्टा (हेरोइन), 75 ग्राम अफीम व नशा बिक्री की 10 लाख 83 हजार 390 की नगदी भी घर से बरामद हुई। आरोपियों के कब्जे से तीन जिंदा कारतूस भी बरामद हुए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भंवरलाल के निर्देशन में थाना प्रभारी सत्यनारायण गोदारा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी आशीष राठी एक मामले में भी वांछित था। पुलिस को नशा बेचने को लेकर के काफी समय से सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी आशीष राठी के वार्ड नंबर 25 में स्थित घर पर दबिश दी। इस कार्रवाई में आरोपी आशीष राठी व उसकी पत्नी सिमरन को पुलिस ने गिफ्तार किया है।

■ **दंपती से 75 ग्राम अफीम व 3 जिंदा कारतूस भी बरामद**

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध नशा तस्करी तथा अन्य अपराधों को लेकर कई मामले पुलिस थाना में दर्ज हैं। आरोपी सिमरन पहले एनडीपीएस के मामले में जेल जा चुकी है तथा कुछ समय पहले जमानत पर रिहा हुई है। पुलिस आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है तथा नशे के इस अवैध कारोबार में अन्य की लिप्तता को लेकर भी पूछताछ कर रही है। रायसिंहनगर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट सहित आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया हैं।

श्रीकरणपुर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मौके से अवैध 20 लीटर हथकढ़ शराब, 100 लीटर लाहन, एक चालू भट्ठी और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई सीआई रामप्रताप वर्मा और उनकी टीम द्वारा मोघा 1एफसी नहर के किनारे की गई।

## रामकिशन सियाग की पुण्यतिथि पर 801 यूनिट रक्तदान, 3781 का पंजीकरण

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर यूथ कांग्रेस के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष स्व. रामकिशन सियाग की 14 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को नोखा रोड भीनासर स्थित स्व. रामकिशन सियाग फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा तथा पीबीएम अस्पताल ब्लड बैंक की सहभागिता से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया।

इस शिविर में युवाओं का रक्तदान करने के प्रति उत्साह और समर्पण देखने लायक था। जिला देहात कांग्रेस अध्यक्ष व ट्रस्टी बिशनाराम सियाग ने इस शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं और आपातकाल के लिए संकल्प पत्र भरकर जमा करने वाले युवाओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पिछले चौदह वर्षों से लगातार रक्तदान करने वाले इन रक्तदाताओं की वजह से ही शिविर सफल होता है। ऐसे रक्तदान शिविर आयोजित होने से संभाग के



बीकानेर यूथ कांग्रेस के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष स्व. रामकिशन सियाग की 14 वीं पुण्यतिथि पर युवाओं ने रक्तदान किया।

सबसे बड़े पीबीएम अस्पताल में आपात स्थिति में भी रक्त की कमी नहीं रहती है।

आयोजन समिति सहयोगी मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि सवेरे 8 बजे से ही रक्तदान करने वालों की लम्बी कतार लग गई थी जो दोपहर तक अटूट जारी रही। दोपहर 2:00बजे तक 780 यूनिट रक्त संग्रहित हो चुकने के बाद चिकित्सकों की टीम ने रक्त संग्रह करने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद भी काफी युवाओं के आग्रह पर कुल 801 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में कुल 3781लोगों ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया परन्तु रक्तदान केवल 801लोगों का ही हो सका।

■ **शेष ने रक्तदान के लिए संकल्प पत्र भरकर सौंपे**

शेष सभी ने रक्तदान के लिए संकल्प पत्र भरकर सौंपे कि आपातकाल में रक्तदान के लिए उन्हें कभी भी बुलाया जा सकता है। इस रक्तदान शिविर में पहुंचे चुरू के सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि रक्तदान के प्रति युवाओं का इतना जबरदस्त उत्साह और समर्पण पहली बार देखा है।

नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने कहा स्व. रामकिशन सियाग की पुण्यतिथि पर हर वर्ष युवाओं में रक्तदान करने के प्रति भारी उत्साह रहता है। जिससे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति सकारात्मक जागरूकता आई है। जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कहा कि स्व. रामकिशन सियाग को श्रद्धांजलि देने का रक्तदान से अच्छा तरीका कुछ नहीं हो सकता। पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी, पूर्व विधायक चेतन डूडी, मदनगोपाल मेघवाल, लक्ष्मण कड़वासरा, डॉ राजेन्द्र मूंड, शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत, उरमूल डेयरी चेयरमैन नोपाराम जाखड़, महावीर रांका आदि ने भी अपने वक्तव्य में युवाओं के उत्साह और समर्पण की सराहना की।

## नहर से मिला 10 दिन पुराना शव

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के पदमपुर के ईईए माइनर नहर में देर रात एक शव बहकर आया, जिससे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। जानकारी के अनुसार नहर के पास स्थित किसानों ने जब शव को देखा तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पदमपुर पुलिस को दी। पदमपुर पुलिस स्टेशन के एएसआई राजेन्द्र बिश्नोई ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकाला। शव की हालत अत्यधिक सड़ी-गली थी, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि शव काफी समय से पानी में बहकर आया था। एएसआई बिश्नोई ने शव को बाहर निकालने के बाद उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पदमपुर पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष के आसपास होने का अनुमान है, लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई। क्योंकि उसका चेहरा पूरी तरह से सड़ा-गला था। मृतक ने सफेद रंग का कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। शव की हालत को देखते हुए पुलिस ने इसे लगभग 10 दिन पुराना माना है।

## फल-सब्जी मंडी चुनाव में मिड्ढा का पैनल जीता

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर फुट वेजीटेबल मर्चेन्ट एण्ड कमीशन एजेन्ट सोसायटी के चार पदों व सात सदस्यों के चुनाव सब्जी मण्डी स्थित कृषि उपज मंडी कार्यालय में रविवार को सम्पन्न हुए।

मुख्य चुनाव अधिकारी अविनाश चन्द्र व्यास एडवोकेट की देखरेख में अध्यक्ष पद पर मुकुल झांब व शान्तिलाल साध, उपाध्यक्ष हेतु ब्रजराज जोशी व शिव गहलोत, सचिव पद पर गुरूदयाल सिंह व मनोज कुमार अनेजा के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु शान्तिलाल साध, उपाध्यक्ष पद हेतु ब्रजराज जोशी, सचिव पद पर गुरूदयाल सिंह विजय घोषित किये गये। मो.रफीक कोषाध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध घोषित किये गये।

सात सदस्यों के लिये तेरह लोगों ने पर्चा भरा जिसमें लक्ष्मण सिंह, इरशाद अली, जगदीश चन्द्र खत्री, जितेन्द्र तंवर, रामेश्वर लाल भाटी, सुनील बजाज, रमेश कुमार साध विजयी हुए। सोसायटी के अध्यक्ष अरविन्द मिड्ढा द्वारा घोषित किए गए पैनल के सभी पदाधिकारी चुनाव में विजयी हुए।

सोसायटी के चुनाव में कुल 79 मतदाता है तथा आज के चुनाव में सभी मतदाताओं ने मतदान कर लोकतंत्र का गौरव बढ़ाया। शत प्रतिशत मतदान होने पर सभी ने खुशी जाहिर की। बीकानेर फ्रूट वेजीटेबल मर्चेन्ट एण्ड कमीशन एजेन्ट सोसायटी के पिछले 27 वर्षों से अरविन्द मिड्ढा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होते रहे हैं। मिड्ढा ने 27 वर्ष तक सब्जी मण्डी सोसायटी द्वारा विश्वास व्यक्त करने पर आभार व्यक्त किया व विजयी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। चुनाव टीम का निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण चुनाव करवाने के लिये आभार व्यक्त किया। मतदान व मतगणना कार्यक्रम में चुनाव संचालन कमेटी में अविनाश चन्द्र व्यास एडवोकेट, सोमदत पुरोहित एडवोकेट, चन्द्रप्रकाश कुकरेती शामिल थे।

